भारत का पहला डिजिटल नोमाड गाँव

[स्रोत: द हिंदू](#)

सिक्किम के पाक्योंग ज़िले का याकतेन गाँव आधिकारिक रूप से **भारत का पहला डिजिटल नोमैड गाँव घोषित किया** गया है। यह घोषणा **'नोमैड सिक्किम' पहल के तहत** की गई है।

- **याकतेन नोमैड गाँव के बारे में:** यह **हिमालयी राज्य** में स्थायी पर्यटन, दूरस्थ कार्य के अवसरों और **ज़मीनी स्तर पर उद्यमशीलता** को बढ़ावा देने की दिशा में एक कदम है।
  - यह **स्थानीय उद्यमिता और युवा नवाचार** को बढ़ावा देने के लिये **सिक्किम के मुख्यमंत्री** की **"एक परिवार, एक उद्यमी"** पहल के अनुरूप है।
- **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य सिक्किम में **रणनीतिक स्थानों** को **भारत और विदेशों में डिजिटल पेशेवरों** के लिये वर्ष भर के केंद्रों में बदलना है, साथ ही **पर्यटन ऑफ-सीजन के दौरान होमस्टे** मालिकों हेतु स्थायी आय के अवसर सुनिश्चित करना है, जो छह महीने तक चल सकता है।
  - यह **उच्च गति वाई-फाई, पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं और** शून्य अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली प्रदान करता है।
- **नोमैड सिक्किम पहल के बारे में:** यह **पाक्योंग ज़िला प्रशासन** और **सरकारी NGO की एक संयुक्त पहल** है, जिसका उद्देश्य **दूरस्थ कार्य और शांतिपूर्ण जीवन का मिश्रण चाहने** वाले पेशेवरों के लिये एक **डिजिटल नोमैड हब बनाना** है।
  - **डिजिटल नोमैड** वह व्यक्ति होता है जो **तकनीक का उपयोग करके दूरस्थ (रिमोट)** तरीके से काम करता है और ऑनलाइन कमाई करता है, जबकि वह अपनी पसंद के **विभिन्न स्थानों पर घूमते हुए जीवन व्यतीत** करता है।
- सिक्किम राज्य को **भारत का पहला पूर्ण रूप से जैविक (ऑर्गेनिक) राज्य (2016)** होने का गौरव प्राप्त है। यह देश का पहला राज्य है जिसने जैविक मत्स्य पालन (ऑर्गेनिक एक्वाकल्चर) की शुरुआत की, और **वर्ष 2016 में 100% खुले में शौच मुक्त (ODF) का दर्जा** प्राप्त करने वाला **पहला राज्य** भी बना।

और पढ़ें: सिक्किम में भारत का प्रथम जैविक मत्स्य पालन क्लस्टर

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-first-digital-nomad-village